**Instructions for class 4**

**Dear Parents**

**The Syllabus for Hindi for the month of June for this week is-**

a) **व्याकरण – मात्राएँ, वर्ण-विच्छेद**

**The following are the study materials attached to the e-content:-**

b) **PPT on व्याकरण- मात्राएँ, वर्ण-विच्छेद**

c) **Worksheet 1 and 2 based on (Grammar) व्याकरण - मात्राएँ, वर्ण-विच्छेद**

d) **Video links on – मात्राएँ, वर्ण-विच्छेद**

e) **Answer sheet for worksheet 1 dated 23rd June 2020.**

आप सभी अभिभावकों का सहयोग सराहनीए है एवम् आशा है आप इसी प्रकार सहयोग करते रहेंगे।



नमस्कार

कुसुम अभय कुमार
Headmistress (Primary)

# वायु सेना विद्यालय बागडोगरा

## कक्षा - ४

## विषय – हिन्दी

# मात्राएँ

**यहाँ कुछ लिखा हैं, ज़रा पढ़कर देखिए -**

हइरन तएज़ दऔड़तआ हऐ

क्या हुआ नही पढ़ पाए ना!

**अब पढ़िए** - हिरण तेज़ दौड़ता है।

पहले वाक्य में स्वर अपने मूल रूप में व्यंजनों के साथ लिखे गये हैं जबकि दूसरे वाक्य में स्वर अपने चिह्नों के रूप में व्यंजनों से जुड़े हैं।

# स्वरों के चिह्नों को मात्राएँ कहते हैं।

हिन्दी में अ को छोड़कर बाकी सभी स्वरों की मात्राएँ होती हैं।

| स्वर | मात्रा | व्यंजन मात्रा के साथ | शब्द |
|---|---|---|---|
| अ | कोई मात्रा नहीं | प् + अ = प | पल, पकड़ |
| आ | ा | र् + आ = रा | रात, राजा |
| इ | ि | ग् + इ = गि | गिन, गिलास |
| ई | ी | च् + ई = ची | चील, चीता |
| उ | ु | स् + उ = सु | सुर, सुराही |
| ऊ | ू | ज् + ऊ = जू | जूता, जूस |
| ऋ | ृ | क् + ऋ = कृ | कृपा, कृषक |
| ए | े | म् + ए = मे | मेला, मेरा |
| ऐ | ै | फ् + ऐ = फै | फैलाना, फ़ैसला |
| ओ | ो | छ् + ओ = छो | छोटा, छोड़ना |
| औ | ौ | द् + औ = दौ | दौलत, दौड़ |

स्वर अपने मूल रूप में व्यंजनों के साथ जुड़कर भी शब्द बनाते हैं ; जैसे -

| स्वर | स्वर - व्यंजन के साथ |
|---|---|
| अ | अनार, अदरक |
| आ | आम, आग |
| इ | इमली, इमरती |
| ई | ईख, ईश्वर |
| उ | उड़ना, उत्तर |
| ऊ | ऊन, ऊपर |
| ऋ | ऋषि, ऋण |
| ए | एक, एड़ी |
| ऐ | ऐनक, ऐरावत |
| ओ | ओर, ओस |
| औ | औरत, औज़ार |

VIDEO LINK:-

https://youtu.be/KLi01HJvcMA

# र के रूप

क. 'र' की बनावट अन्य वर्णों से कुछ भिन्न होती है र् में 'उ' और 'ऊ' की मात्रा र् के नीचे न लगकर इसके बीच में लगती है; जैसे –

र् + उ = रु - रुपया, रुकना

र् + ऊ = रू - रूप, रूठना

ख. 'र' एक ऐसा व्यंजन है, जिसे अलग-अलग ढंग से लिखा जाता है; जैसे -

र्

(रेफ़ रूप)

धर्म, कर्म

‘ ्र ’, क्र

(पदेन रूप)

क्रम, भ्रम, ड्रम, ट्रक

(i) वर्ण के ऊपर लगना (रेफ़ रूप) – र् (स्वर रहित) जब दूसरे वर्ण से जुड़ता है तब वह अपने से बादवाले अक्षर के ऊपर लिखा जाता है; जैसे –

स् + अ + र् + प् + अ = सर्प
प् + अ + र् + व् + अ + त् + अ = पर्वत

यहाँ र आधा बोला जाता है।

(ii) वर्ण के नीचे लिखना (पदेन रूप) - जब र (स्वर सहित) दूसरे वर्ण के साथ जुड़ता है तब अपने से पहले वाले वर्ण के नीचे लगता है; जैसे -

- ग् + र् + अ + ह् + अ = ग्रह
- प् + र् + अ + श् + न् + अ = प्रश्न

नीचे की ओर गोलाई वाले वर्णों जिसे **ट** और **ड** में यह इस प्रकार जुड़ता है –

- ट् + र् + अ + क् + अ = ट्रक
- द + र् + अ + म + अ = ड्रम

यह ‘ क्र’ का ही रूप है। गोलाई वाले वर्णों में लगे हलंत के साथ इसका रूप ‘्र’ हो जाता है।
यहाँ र पूरा बोला जाता है।

Mrs Kusum A Kumar

**र** के रूप को ऐसे जानो -
'**रात**' आए तो **र** लिख डालो। '**ग्रह**' आए तो बीच क्र से जाओ।

'**धर्म**' आए तो ऊपर र्‍ जाओ। '**ड्रम**' के नीचे '‸' इस तरह लगाओ।

# वर्ण विच्छेद

**स्वर - व्यंजन को अलग करोगे;**
**वर्ण - विच्छेद को तब समझोगे।**

जब हम किसी शब्द में आई ध्वनियों (वर्णों) को अलग-अलग करते हैं तो उसे वर्ण-विच्छेद कहते हैं। वर्ण-विच्छेद करते समय व्यंजन को स्वर के बिना नीचे हलंत (्) लगाकर लिखा जाता है; जैसे -

| शब्द | | वर्ण-विच्छेद |
| --- | --- | --- |
| भारत | - | भ् + आ + र् + अ + त् + अ |
| गुलाब | - | ग् + उ + ल् + आ + ब् + अ |
| आँगन | - | आँ + ग् + अ + न् + अ |

बस - ब् + अ + स् + अ

पुस्तक - प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ

लड़का - ल् + अ + ड़ + अ + क् + आ

खिड़की - ख् + इ + ड़ + अ + क् + ई

थाली - थ् + आ + ल् + ई

खेल - ख् + ए + ल् + अ

एक जैसे व्यंजनों (वर्णों) के मेल को द्वीत्व व्यंजन कहते हैं; जैसे -

गन्ना, पक्का, बच्चा।

# कार्यपत्रक - १

1. नीचे दिए गये स्वरों का मात्रा रूप में प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द लिखिए -

इ ________________ ________________

ऊ ________________ ________________

ऋ ________________ ________________

ए ________________ ________________

औ ________________ ________________

आ ________________ ________________

Mrs Kusum A Kumar

## 2. वर्ण-विच्छेद कीजिए -

क) पेड़ -

ख) मित्र -

ग) कोयल –

घ) लड़की –

च) चम्मच –

छ) बस्ता -

# कार्यपत्रक - २

१. 'र' के अलग-अलग रूपों से बनने वाले दो-दो शब्द लिखिए।

क) पर्व –

ख) ग्रह –

ग) ट्रक –

घ) राम -

## २. निम्न शब्दों के वर्ण-विच्छेद करिए।

क) थाली -

ख) गमला -

ग) टोकरी -

घ) बगीचा -

## VIDEO LINK TO WATCH:-

https://youtu.be/XX230e1Eq_g

# THANK YOU

# कार्यपत्रक-१ के प्रश्नों के उत्तर (२३ जून २०२०)

**प्र १ क्ष, त्र, ज्ञ और श्र का प्रयोग करते हुए दो - दो शब्द और लिखो। -**

**क्ष - कक्षा कक्ष परीक्षा**

**त्र - मित्र सत्र चित्र**

**ज्ञ - ज्ञान अज्ञान ज्ञात**

**श्र - श्रीमान श्रमिक आश्रम**

**प्र २ - एक शब्द में उत्तर लिखिए।**

**क) भाषा की सबसे छोटी इकाई - वर्ण**

**ख) हिन्दी भाषा में कुल स्वर - ग्यारह**

**ग) अ: को कहते हैं - विसर्ग**

**घ) वर्णो का निश्चित क्रम - वर्णमाला**

**च) हिन्दी भाषा में कुल व्यंजन - तैंतीस**

**छ) स्वरों के निश्चित चिहन - मात्रा**

**ज) हिन्दी भाषा में वर्ण के प्रकार - दो**